न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 165/2025 बउनवानी हेमा मीना **बनाम** उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी
निवासी निवासी महूँकलां तहसील गंगापुर सिटी

GCMS No-2025/ 334 **Appeal Number- 321495794645903**

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	
26.11.2025	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से दिनांक 24.7.2025 को लोक सूचना अधिकारी एवं उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर ***" गंगापुर सिटी मे स्थित डी.एस. साइंस एकेडमी रीको ऐरिया, प्रज्ञा एकेडमी, केलम एकेडमी, कूहू एकेडमी, गायत्री साइंस एकेडमी, जीपीएस स्कूल, द्वारा सरकार को दिया गया टैक्स, भवन निर्माण स्वीकृति,स्वीकृति, नियमित छात्रों का विवरण तथा शिवराज मीना लेक्चरर, गंगापुर सिटी के किस विद्यालय मे पदस्थापित है सहित कुल 5 बिन्दुओं की प्रमाणित सूचना** "* उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1) के तहत ऑन लाईन पोर्टल पर प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस क्रमांक/आरटीआई/2025/109 दिनांक 11.11.2025 का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रार्थना पत्र दिनांक 24.7.2025 के बिन्दु संख्या 1,3,4,5 की सूचना का संबंध मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी से होने के कारण मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी के पत्रांक 339 दिनांक 7.11.2025 द्वारा भिजवायी जा चुकी है तथा बिन्दु संख्या 2 की सूचना नगर परिषद से संबंधित होने के कारण कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी के पत्रांक 4899 दिनांक 7.10.2025 द्वारा भिजवायी जा चुकी है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते है,कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 24.7.2025 को प्रेषित प्रार्थना पत्र के बिन्दु संख्या 1,3,4,5 की सूचना मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गंगापुर सिटी द्वारा जरिये पत्रांक 339 दिनांक 7.11.2025 से अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है तथा बिन्दु संख्या 2 की सूचना के संबंध मे नगर परिषद गंगापुर सिटी के पत्रांक 4899 दिनांक 7.10.2025 से अपीलान्ट को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुकी है। ऐसी स्थिति मे अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर	